**<u>न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, पुरवा उन्नाव।</u>**

UPUN120023402021

विविध वाद सं0—188/2021

अपराध सं0—63/2020

थाना—पुरवा, उन्नाव।

दिनांक—07.05.2026

श्री शिवकुमार बनाम कमलेश उर्फ भोला

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर आवेदक अनुपस्थित। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि न्यायालय द्वारा अन्तिम रिपोर्ट के विरूद्ध आवेदक को विगत तिथि को नोटिस जारी की गयी थी। जो आवेदक पर जरिये वारिसान एवं दूरभाष तामील हुई हैं। परन्तु आवेदक उक्त अन्तिम आख्या के विरूद्ध आपत्ति दाखिल करने हेतु न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ है। जब कि न्यायालय द्वारा आवेदक को उपस्थित होने हेतु अन्तिम अवसर भी दिया जा चुका है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आवेदक को उक्त प्रकरण से सम्बन्धित अन्तिम आख्या पर कोई भी आपत्ति नहीं है। अतः वाद के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अन्तिम आख्या 46/2020 स्वीकार किये जाने योग्य है तद्नुसार स्वीकार किया जाता है। पत्रावली बाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

**न्यायिक मजिस्ट्रेट**

**पुरवा, उन्नाव।**